भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2226

जिसका उत्तर 04 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

.....

ऊर्जा गंगा गाँव

2226. श्री विजय कुमार दूबे:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में यमुना और गंगा नदी के किनारे वाले प्रत्येक गाँव को ऊर्जा गंगा गाँव के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इसे कब तक घोषित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रत्तन लाल कटारिया)

(क) से (ग) यमुना और गंगा नदियों के किनारे खासतौर से उत्तर प्रदेश में गांवों को ऊर्जा गंगा गांव के रूप में घोषित करने का कोई भी ऐसा प्रस्ताव राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), जल शक्ति मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

*****